# बिहार सरकार

## मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

## विज्ञापन

हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा तथा हिन्दी लिखने-पढ़ने की योग्यता परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित सूचनाएँ प्रकाशित की जाती है।

2- मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना द्वारा राजपत्रित/अराजपत्रित कोटि की हिन्दी टिप्पण एवं प्रारुपण परीक्षा तथा हिन्दी लिखने-पढ़ने की योग्यता परीक्षा का आयोजन दिनांक **10.01.21** को **11.00** बजे पूर्वाह्न से **1.00** बजे अपराह्न तक किया जाएगा।

3- राजपत्रित कोटि की हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा तथा हिन्दी लिखने-पढ़ने की योग्यता परीक्षा का परीक्षा केन्द्र सचिवालय तथा सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में रहेंगे। अराजपत्रित कोटि की हिन्दी टिप्पण एवं प्रारुपण परीक्षा का परीक्षा केन्द्र प्रमंडलों में तथा जिन जिलों में प्रमण्डलीय मुख्यालय नहीं है, वहाँ जिला मुख्यालयों में रहेंगे।

4- सचिवालय से संलग्न कार्यालयों के लिए पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए उक्त परीक्षाओं का संचालन मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग द्वारा किया जाएगा।

5- पटना, पूर्णिया, मुंगेर, छपरा, सहरसा, गया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर प्रमंडलों में राजपत्रित/अराजपत्रित कोटि की हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा तथा हिन्दी लिखने-पढ़ने की योग्यता परीक्षा का संचालन आयुक्त के सचिव-सह-प्रभारी उप निदेशक, राजभाषा द्वारा किया जाएगा। जिन जिलों में प्रमंडलीय राजभाषा मुख्यालय नही है, वहाँ अराजपत्रित कोटि की हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा का संचालन जिला पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

6- परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले पदाधिकारी/कर्मचारी यथास्थिति सचिवालय अथवा संबद्ध प्रमंडलीय/जिला मुख्यालयों में दिनांक 11.12.2020 तक **आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) उचित माध्यम/अग्रसारण पत्र के माध्यम से ही प्रस्तुत करेंगे।** आवेदक आवेदन पत्र तथा प्रवेश-पत्र पर अपने हाल का पासपोर्ट साइज का एक-एक फोटो, जो संबद्ध कार्यालय प्रधान द्वारा अनुप्रमाणित हो, निश्चित रूप से चिपकाएँगे।

7- आवदेन-पत्र प्राप्ति की निर्धारित अंतिम तिथि 11.12.2020 के पश्चात् किसी भी आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

8- सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी का आवेदन पत्र सम्बद्ध विभाग के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 11.12.2020 तक अवश्य ही प्राप्त हो जाना चाहिए।

9- प्रमंडलीय एवं जिला मुख्यालयों से प्रश्नपत्र एवं सादी उत्तर पुस्तिकाओं की मांग अंतिम रूप से दिनांक 18.12.2020 तक फैक्स सं0-**0612-2520128** अथवा विभागीय ईमेल-dir-rajbhasha-bih@gov.in / rajbhashadeptt@gmail.com पर अवश्य कर ली जाय।

10- सम्बन्धित जिला पदाधिकारी/आयुक्त के सचिव-सह-प्रभारी उप निदेशक, राजभाषा यथासंसूचित संख्या में सादी उत्तर पुस्तिकाएँ एवं मुहरबंद पैकेट में प्रश्नपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 07.01.2021 एवं 08.01.2021 को कार्यालय अवधि में अपने कार्यालय के एक ऐसे विश्वस्त कर्मचारी को प्राधिकार पत्र के साथ, जिसमें उनका हस्ताक्षर अनुप्रमाणित हो, मंत्रिमण्डल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बेली रोड, पटना स्थित ऑफिसर्स होस्टल, ब्लॉक सी0 के पते पर भेजेंगे। प्राधिकृत व्यक्ति अपेक्षित सामग्री प्राप्त कर प्रथम उपलब्ध सवारी से वापस जाकर सक्षम पदाधिकारी को रिपोर्ट करेंगे, जिनकी अभिरक्षा में प्रश्नपत्र एवं सादी उत्तर पुस्तिकाएँ रखी जाएगी।

11- परीक्षार्थी, उत्तर पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर नाम, पदनाम एवं अपना अनुक्रमांक (रौल नं0) का उल्लेख देवनागरी लिपि में ही करें अन्यथा उनका परीक्षाफल रोक दिया जाएगा।

12- वैश्विक महामारी कोरोना के संबंध में सरकार द्वारा समय-समय पर दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

13- परीक्षा केन्द्र का सेनिटाइजेशन, प्रत्येक परीक्षार्थी का शारीरिक तापमान मापन तथा उनके बैठने में 'सोशल डिस्टेंसिंग' का अनुपालन आवश्यक है।

नोट :- **परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से पहले दो घंटे पूर्व पहुँचना सुनिश्चित करें।**

आवेदन पत्र का प्रपत्र
अलग से संलग्न है।

18/11/20

(डॉ0 महेन्द्र पाल)
निदेशक

E:\(2020)\Akhilesh Kumar\Exam 10-01-2021\Vigyapan.doc

167

# बिहार सरकार

## मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा/हिन्दी पढ़ने-लिखने की योग्यता परीक्षा

### आवेदन-पत्र

कार्यालय प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज का फोटो यहां चिपकाए।

1. आवेदक का नाम ................................................
2. पदनाम ........................................................
3. राजपत्रित अथवा अराजपत्रित ....................................
4. विभाग/कार्यालय का नाम ......................................
5. शैक्षिक योग्यता ................................ जिला............. प्रमंडल.............
6. क्या आप पूर्व आयोजित किसी परीक्षा में असफल हुए हैं?........................
7. यदि हाँ, तो क्या प्रशिक्षण प्राप्त कर लिए है?......................................
8. आवेदन करने की तिथि ..................................
9. अग्रसारण पदाधिकारी का तिथि सहित हस्ताक्षर एवं मुहर ........................

आवेदक का हस्ताक्षर

---

10. आवेदक के हस्ताक्षर का नमूना ..................................
11. अभिप्रमाणित करनेवाले पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर .......................

---

### प्रवेश-पत्र
### (आवेदक स्वयं भरें)

कार्यालय प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज का फोटो यहां चिपकाए।

12. आवेदक का नाम ................................
13. पदनाम ................................................
14. विभाग/कार्यालय का नाम ........................................
15. आवेदक का हस्ताक्षर ............................................
16. फोटो अभिप्रमाणित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं मुहर ..............................

---

### परीक्षा कार्यालय द्वारा भरा जाएगा

1. परीक्षा की तिथि ..............................
2. परीक्षा का समय ..............................
3. परीक्षा केन्द्र का नाम ........................ क्रमांक....................

जिलाधिकारी/निदेशक, राजभाषा

प्रमंडलीय उप-निदेशक, राजभाषा

---

नोट- (1) कंडिका 6 की सत्यता की जांच कर ही अग्रसारण पदाधिकारी आवेदन-पत्र अग्रसारित करें।

(2) आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11.12.2020 है।

(3) आवेदन पत्र उचित माध्यम/अग्रसारण पत्र के माध्यम से ही प्रस्तुत करें।